# आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 28.05.2025 समय : 02.10 pm**

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल**

सीमापार से आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विश्वभर में भेजे गये भारत के बहुदलीय प्रतिनिधि मंडलों की यात्रा जारी है। इस दौरान अलग-अलग देशों में नेताओं, सांसदों, बुद्धिजीवियों, मीडिया और नागरिक समाज के साथ यह दल चर्चा कर रह है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की। इस दौरान श्री थरूर ने कहा कि भारत को युद्ध छेडने में कोई दिलचस्पी नहीं थी लेकिन ऐसा महसूस किया गया कि आतंकवाद से जुडी हरकतों का उचित दंड अवश्य दिया जाना चाहिए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चन्द्र पवार की नेता सुप्रिया सुले के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका पहुंचा दल आज केपटाउन जा रहा है। वहां वे दक्षिण अफ्रीका की संसद में बैठके करेंगे और वहां की सरकार के मंत्रियों से भी मिलेंगे।

**स्व सहायता समूह सम्मेलन**

बैतूल जिले के सारणी में आज स्व सहायता समूहों के सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य आतिथ्य होंगे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री जिले के विकास को नई दिशा देने वाले 464 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री और बैतूल सांसद दुर्गादास उईके करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले की विकास पुस्तिका का विमोचन भी करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे।

**प्रधानमंत्री - वीर सावरकर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति भारत माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर जी के समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं।

मुख्यमंत्री पन्ना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल पन्ना प्रवास के दौरान शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 90 करोड़ 60 लाख रूपए लागत राशि के 40 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन) अंतर्गत गुनौर आईटीआई में भवन, कल्दा में आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास, छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना के कॉमर्स ब्लॉक में मल्टीपरपज हॉल का रेनोवेशन कार्य को लोकार्पित करेंगे।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में....**

1. भिंड जिले में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिक संघ ने सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा स्थल से तिरंगा यात्रा निकाली
2. आगरमालवा जिले में मानसिक रोगियों एवं मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गयां।
3. बैतूल जिले के मुलताई क्षेत्र में तीन नए डेमों के निर्माण को मंजूरी दी गई है जिनसे 390 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई की जा सकेगी।